न्यायालय प्रथम अपील अधिकारी एंव जिला कलेक्टर ,टोंक

प्रकरण संख्या 28/2022

श्री अब्दुल हक पुत्र श्री अजब खां निवासी लाडली बेगम की मस्जिद के पास काफला टोंक राज0 ---अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं कोषाधिकारी टोंक जिला–टोंक --प्रत्यर्थी

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय दिनांक **28.07.2022**

प्रकरण का संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19(1) के तहत लोक सूचना अधिकारी एंव कोषाधिकारी टोंक के विरूद्व उप निदेशक (आर.टी.आई. अपील) कार्यालय निदेशक एवं अपीलीय अधिकारी (सूचना का अधिकार) निदेशालय कोष एंव लेखा वित भवन ज्योति नगर जनपथ जयपुर को प्रथम अपील प्रेषित करने पर उनके द्वारा पत्र कमांक 376–379 दिनांक 24.6.2022 से मूल अपील प्रेषित की है। अपीलार्थी ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत लोक सूचना अधिकारी एंव कोषाधिकारी टोंक को आवेदन पत्र दिनांक 16–05–2022 को प्रेषित/प्रस्तुत कर निम्न सूचना चाही गई थी :–

ट्रेजरी स्क्रोल रजिस्टर (टी.एस.रजिस्टर) के कम संख्या 51 से 1550 तक रजिस्टर्ड पेन्शनर्स की प्रमाणित प्रतिलिपि।

अपीलार्थी को निर्धारित समयावधि में सूचना उपलब्ध नहीं होने पर प्रत्यर्थी के विरूद्व अपील प्रस्तुत की गई है। अपील दर्ज रजिस्टर कर अपील प्रा0पत्र की प्रति लोक सूचना अधिकारी एंव कोषाधिकारी टोंक को पत्र किमांक 667 दिनांक 30–6–2022 व 709 दिनांक 12.07.2022 को प्रेषित कर रिपोर्ट तलब की गई। अपीलार्थी को सुनवाई हेतु तलब किया गया। अपीलान्ट उपस्थित नहीं हुए। लोक सूचना अधिकारी एंव कोषाधिकारी टोंक द्वारा पत्र कमांकः 97 दिनांक 11–07–2022 से जवाब प्रेषित किया है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध में अपीलार्थी को उनके पत्र कमांक 76 दिनांक 10.07.2022 से सूचित किया गया है। जिससे स्पष्ट है कि आवेदक को वांछित सूचना के संबंध में सूचित किया जा चुका है । अतः अपील में कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने से अपील अस्वीकार योग्य है।

फलतः अपील अपीलाण्ट अस्वीकार की जाती है। निर्णय की प्रति लोक सूचना अधिकारी एवं कोषाधिकारी टोंक तथा अपीलार्थी को प्रेषित की जावे।

Signature Not Verified

Digitally signed by Chinmayee Gopal
Date: 2023.02.04 16:29:26 IST
Reason: SelfAttested

(चिन्मयी गोपाल)
प्रथम अपील अधिकारी
एवं जिला कलेक्टर टोंक

जिला कलेक्टर
टोंक

न्यायालय जिला कलेक्टर
सत्यमेव जयते
टोंक (राजस्थान)